भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2712

04 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ

विषय: **किसानों के आत्महत्या संबंधी आंकड़े**

2712. श्री माथेश्वरन वी. एस.:

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड व्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों में किसानों की आत्महत्या का विशेष रूप से उल्लेख न होने के कारण किसानों की समस्याओं का प्रभावी समाधान करने हेतु सभी राज्यों से किसानों की आत्महत्या के आंकड़े एकत्र करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि नहीं, तो किसानों की आत्महत्या के आंकड़े एकत्र न करने के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार का राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो को किसानों की आत्महत्या के आंकड़े एकत्र करने का निर्देश देने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) से (ग): गृह मंत्रालय के अंतर्गत 'राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी)' भारत में आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्याएं' (एडीएसआई) नामक प्रकाशन में आत्महत्याओं से संबंधित जानकारी संकलित करता है। वर्ष 2024 तक की रिपोर्ट एनसीआरबी की वेबसाइट (https://ncrb.gov.in) पर उपलब्ध है।

*****